# विश्व संस्कृत दिवस 2023

[स्रोत: द हिंदू]

वर्ष 2023 में [विश्व संस्कृत दिवस] 31 अगस्त को मनाया गया।

## विश्व संस्कृत दिवस के बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- **इतिहास:**
  - पहला **विश्व संस्कृत दिवस वर्ष 1969 में मनाया** गया था।
  - विश्व संस्कृत दिवस प्रत्येक वर्ष **श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि (Full Moon)** को मनाया जाता है।
  - यह एक प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वान और व्याकरणविद् **पाणिनि** की जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।
- **महत्त्व:**
  - यह दिन **संस्कृत भाषा के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट** करने के लिये मनाया जाता है।

## संस्कृत भाषा के बारे में कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य:

- यह एक **इंडो-आर्यन भाषा** है और इसे **सबसे पुरानी भाषाओं में से एक माना जाता** है तथा भारत की अधिकांश भाषाओं की जननी के रूप में भी जाना जाता है।
- ऐसा माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति **लगभग 3500** वर्ष पहले भारत में हुई थी और इसे अक्सर **देव वाणी** (देवताओं की भाषा) के रूप में जाना जाता है।
- इसे **वैदिक और शास्त्रीय** दो भागों **में विभाजित** किया गया है।
  - वैदिक **संस्कृत ऋग्वेद, उपनिषद और पुराण** का एक हिस्सा है।

## नोट:

- संस्कृत **भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची** में शामिल 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है।
- यह तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया के अलावा **6 शास्त्रीय भाषाओं** में भी शामिल है।
- वर्ष 2010 में संस्कृत को **उत्तराखंड की दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित** किया गया था।
- कर्नाटक के **मत्तूर गाँव में सभी लोग बोलचाल में संस्कृत भाषा** का प्रयोग करते हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसे शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया? (2015)**

(a) उड़िया
(b) कोंकणी
(c) भोजपुरी
(d) असमिया

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित भाषाओं पर विचार कीजिये: (2014)**

1. गुजराती
2. कन्नड़
3. तेलुगू

**उपर्युक्त में से किसि/किन्हें सरकार द्वारा 'शास्त्रीय भाषा/भाषाएँ' घोषित किया गया है?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित संविधान संशोधन अधिनियमों में से किस एक के अंतर्गत भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत भाषाओं में चार भाषाएँ जोड़ी गई, जिससे उनकी संख्या बढ़कर 22 हो गई? (2008)**

(a) संविधान (90वाँ संशोधन) अधिनियम
(b) संविधान (91वाँ संशोधन) अधिनियम
(c) संविधान (92वाँ संशोधन) अधिनियम
(d) संविधान (93 संशोधन) अधिनियम

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-sanskrit-day-2023